# उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून की चतुर्थ बैठक
## दिनांक 15.05.2012 के कार्यवृत्त

**उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड** की चतुर्थ बैठक **डा0 बी0एस0 बरफाल अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड** की अध्यक्षता में **बैठक 'उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड के 108/II, वसन्त विहार, देहरादून स्थित कार्यालय** के 'बोर्ड रूम' में दिनांक 15.05.2012 को सम्पन्न हुई। बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित हुए। इस कार्यालय के पत्रांक 390/जै0वि0बोर्ड/16–3 दिनांक 27.04.12 के द्वारा बैठक का **'एजेण्डा नोट'** सभी आमंत्रियों को पूर्व ही प्रेषित कर दिया गया था :–

| क्र.सं. | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | डा0 आर0बी0एस0 रावत | प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड |
| 2 | डा0 राकेश शाह | सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून। |
| 3 | श्री सुशान्त पटनायक | अपर सचिव, वन एवं पर्यावरण, उत्तराखण्ड शासन (सचिव/प्रमुख सचिव वन के प्रतिनिधि)। |
| 4 | डा0 डी0पी0 उनियाल | वि0 वैज्ञानिक अधिकारी, निदेशक, उत्तराखण्ड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकीय परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून के प्रतिनिधि। |
| 5 | डा0 एस0के0 श्रीवास्तव | उपनिदेशक/संयुक्त निदेशक, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण संस्थान, देहरादून के प्रतिनिधि। |
| 6 | डा0 वीना चन्द्रा | वैज्ञानिक एफ0, निदेशक, वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के प्रतिनिधि। |
| 7 | डा0 डी0के0 सिंह | सहप्राध्यापक, कुलपति गो0ब0पं0 कृषि एवं प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय, पंतनगर के प्रतिनिधि। |

1. **एजेण्डा नं0–1 :– अध्यक्ष द्वारा बोर्ड के सदस्यों व विशिष्ट आमंत्री का स्वागत एवं बोर्ड की गतिविधियों से परिचित कराया गया :–**

**अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड** द्वारा बोर्ड की बैठक में सभी आमंत्रियों का स्वागत एवं बोर्ड की मुख्य गतिविधियों से अवगत कराया गया। इस वर्ष अक्टूबर 2012 में विश्व के 193 देशों की हैदराबाद में होने वाली कान्फ्रेन्स आफ पार्टीज (Cop-11) की जानकारी दी गयी। इस वर्ष 2012 के अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस की थीम ''समुद्री जैव विविधता'' (Marine Biodiversity) रखी गयी, किन्तु उत्तराखण्ड के भौगोलिक क्षेत्र में कहीं भी समुद्री स्थल उपलब्ध न होने के कारण उत्तराखण्ड परिक्षेत्र के लिए थीम ''जलीय जैव विविधता''(Aquatic Biodiversity) को रखा गया है के सम्बन्ध में अवगत कराया तथा बोर्ड में पूर्णकालीक सदस्य–सचिव की तैनाती के सम्बन्ध में भी अवगत कराया गया।

2. **एजेण्डा नं0–2 :– उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की तृतीय बैठक दिनांक 21.07.2011 के कार्यवृत्त का अनुमोदनः–**

उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की तृतीय बैठक डा0 बी0एस0 बरफाल, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की अध्यक्षता में जलागम प्रबन्ध निदेशलय, परिसर, इन्दिरानगर, देहरादून के कान्फ्रेन्स हाल में दिनांक 21.07.2011 को सम्पन्न हुई। बैठक का कार्यवृत्त इस कार्यालय के पत्रांक–49/जै0वि0बो0–16–3 दिनांक 06.08.2011 के द्वारा सभी सम्बन्धित को प्रेषित किया गया था। किसी भी सदस्य से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई। चतुर्थ बैठक में बोर्ड की तृतीय बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया।

3. **एजेण्डा नं0–3 :– उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की तृतीय बैठक 21.07.2011 के कार्यवृत्त के विभिन्न बिन्दु जिन पर कार्यवाही अपेक्षित थी, के सम्बन्ध में सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा अवगत कराना:–**

(i) उत्तराखण्ड शासन की अधिसूचना संख्या: 256/x–3–2011–8(83)/2001 टी0सी0 दिनांक 22.03.11 द्वारा बोर्ड की संरचना को पुनर्गठित कर दिया है। इस अधिसूचना में कुछ कमियाँ पायी गयी जिनका निराकरण शासनादेश संख्या–648/x–3–2011–8(83)/2001 टी0सी0 दिनांक 08.09.11 के कार्यालय ज्ञाप/शुद्धिपत्र द्वारा कर दिया गया है, जिसका बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।

(ii) उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की नियमावली अधिसूचित न होने पर शासन को स्मृति पत्र भेजने हेतु बताया गया। बोर्ड के सदस्यों द्वारा इसका संज्ञान लिया गया। इस सम्बन्ध में शासन को पुनः स्मृति पत्र भेजने हेतु निर्णय लिया गया।

(iii) श्री ए0आर0 सिन्हा, अपर प्रमुख वन संरक्षक, कार्ययोजना, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी द्वारा आंकड़ों में भिन्नता के सम्बन्ध में स्थिति से वर्तमान तक अवगत नहीं कराया गया है। बोर्ड के गठन के पश्चात बैलेंस सीट नहीं बनायी गयी थी। अब वर्ष 2006 से 2011 तक की चार्टेट एकाउन्टेन्ट द्वारा बोर्ड की बैलेंस सीट बना दी गयी है। अतः उक्त बिन्दु को समाप्त करने की संस्तुति की गयी, जिसका बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।

(iv) बोर्ड के वित्तीय वर्ष 2011–12 के व्यय हेतु ₹188.42 लाख (एक करोड़ अठ्ठासी लाख बयालीस हजार) मात्र का बजट प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, जिसके सापेक्ष शासन से ₹1.50 लाख (एक लाख पच्चास हजार) मात्र की धनराशि प्राप्त हुई है। पूर्ण बजट उपलब्ध न होने के कारण बोर्ड के सदस्यों द्वारा चिन्ता व्यक्त की गयी तथा शासन से शीघ्र धनराशि उपलब्ध कराने हेतु संस्तुति की गयी।

(v) बजट अभाव के कारण सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड हेतु नई कार क्रय नहीं की गयी है।

(vi) इस कार्यालय के पत्रांक: 124/जै0वि0बो0–16–6 दिनांक 14.10.2011, 148/जै0वि0बो0/16–6 दिनांक 29.10.2011, प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड का वनादेश संख्या: 41/1–3(5) दिनांक 31.10.2011 एवं इस कार्यालय के आदेश संख्या: 159/जै0वि0बो0–2–44 दिनांक 08.11.2011 के द्वारा बोर्ड के कार्यों को सुचारू रूप से सम्पादित करने हेतु वन विभाग, उत्तराखण्ड से मिनिस्ट्रीरियल संवर्ग के एक नियमित कार्मिक श्री अरविन्द उनियाल, मुख्य सहायक की उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति तैनाती की गई, जिसका बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।

IIFM Bhopal से एक रिसर्च आफिसर (प्रोजेक्ट) को ₹30,000/– प्रति माह पर उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड में Contract Basis पर रखा गया है, जिसका बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।

(vii) सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा आहरण वितरण अधिकारी का भी कार्य किये जाने का बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।

(viii) जैव विविधता विरासतीय स्थलों के चयन का बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया तथा हैरिटेज क्षेत्र की सूची बोर्ड के सदस्यों को उपलब्ध कराने हेतु बताया गया।

4. **एजेण्डा नं0–4 :– जैव विविधता प्रबन्ध समितियों (BMC) का गठन किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया :–**

वन विभाग के स्तर पर जैव विविधता प्रबन्ध समितियों (BMC) के गठन के सम्बन्ध में सदस्य–सचिव द्वारा प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड का धन्यावाद दिया गया। वर्ष 2011–12 की प्रभागीय वनाधिकारी स्तर से पुनः 27 जैव विविधता प्रबन्ध समितियों के गठन की सूची वर्तमान में प्राप्त हुई है। इस प्रकार वर्ष 2011–12 में जैव विविधता प्रबन्ध समितियों की संख्या 473 हो गयी है। जैव विविधता प्रबन्ध समिति के गठन के सम्बन्ध में प्रभागीय वनाधिकारियों से सहयोग देने हेतु सदस्य–सचिव द्वारा प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड महोदय से अनुरोध किया गया।

5. **एजेण्डा नं0–5 :– जैव विविधता पंजिका (PBR) बनाने हेतु की गयी कार्यवाही से अवगत कराना व अनुमोदन करना :–**

राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार विकासखण्ड स्तर पर जैव विविधता पंजिका (PBR) तैयार करने हेतु गठित तकनीकी समिति के द्वारा वाहय स्रोत (Out Source) से एक लम्बी प्रक्रिया के बाद प्रथम चरण में जैव विविधता पंजिका (PBR) तैयार किये जाने हेतु विकासखण्ड स्तर पर निम्न 06 संस्थाओं का चयन किया गया है :–

| क्र.स. | संस्था / संगठन का नाम | आवंटित विकासखण्ड का नाम | लोक जैव विविधता पंजिका (PBR) बनाने हेतु स्वीकृत धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | वन अनुसंधान संस्थान (एफ0आर0आई0) वर्गीकरण वनस्पति, देहरादून। | रायपुर | ₹ 4.00 लाख (चार लाख मात्र) |
| 2 | गो0ब0 पंत हिमालय पर्यावरण एवं विकास संस्थान, कौसी कटारमल, अल्मोड़ा। | डीडीहाट | ₹ 5.00 लाख (पाँच लाख मात्र) |
| 3 | हे0न0ब0 गढ़वाल, विश्वविद्यालय, श्रीनगर, गढ़वाल (पर्यावरण विज्ञान विभाग) | खिर्सू | ₹ 5.00 लाख (पाँच लाख मात्र) |
| 4 | गो0ब0पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पर्यावरण विज्ञान विभाग, पंतनगर, जिला–उधमसिंहनगर। | ओखलकांडा | ₹ 5.00 लाख (पाँच लाख मात्र) |
| 5 | सोसाइटी फॉर एक्शन इन माउंटेनस विलेज इकालॉजिकल डेवलपमेंट एंड इनिशिएटिवस (संवेदी) | पुरोला | ₹ 5.00 लाख (पाँच लाख मात्र) |
| 6 | लोक चेतना मंच, रानीबाग, नैनीताल | ताड़ीखेत | ₹ 5.00 लाख (पाँच लाख मात्र) |

जैव विविधता पंजिका (PBR) तैयार किये जाने हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कैम्पा, उत्तराखण्ड द्वारा कैम्पा निधि से ₹32.00 लाख (बत्तीस लाख) मात्र की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिसके सापेक्ष अभी तक कैम्पा निधि द्वारा निम्न प्रकार धनराशि प्राप्त हुई है:–

(1) प्रथम किस्त अगस्त 2011 में – ₹ 08.00 लाख (आठ लाख) मात्र
(2) द्वितीय किस्त फरवरी 2012 में – ₹ 12.00 लाख (बारह लाख) मात्र

चयनित संस्थाओं को प्रथम किश्त (30 प्रतिशत) की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। लोक जैव विविधता पंजिका (PBR) बनाने हेतु उक्त चयनित 06 संस्थाओं, आवंटित धनराशि एवं कैम्पा निधि से स्वीकृत धनराशि का बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।

6. **एजेण्डा नं0–6 :– Corporate Social Responsibility के अन्तर्गत ONGC से धन प्राप्त करने हेतु प्रेषित प्रोजेक्ट के सम्बन्ध में अवगत कराना व अनुमोदन करना :–**

High Altitude Wetland से सम्बन्धित प्रोजेक्ट का बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।

7. **एजेण्डा नं0–7 :– जैव विविधता Strategy and Action plan बनाने हेतु की गयी कार्यवाही से अवगत कराना व इस पर गठित विशेषज्ञ समिति का अनुमोदन करना :–**

Biodiversity Strategy and Action plan (BSAP) का ड्राफ्ट copy हेतु गठित विशेषज्ञ समिति का बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।

8. **एजेण्डा नं0–8 :–वर्ष 2010–11 एवं वर्ष 2011–12 की वार्षिक रिपोर्ट का अनुमोदन करना:–**

उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की वार्षिक रिपोर्ट (ड्राफ्ट) की प्रति का बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।

9. **एजेण्डा नं0–9 :– वर्ष 2011–12 के वास्तविक आय–व्यय का विवरण प्रस्तुत करना व अनुमोदन करना:–**

**संलग्नक–1** के अनुसार वर्ष 2011–12 के वास्तविक आय–व्यय का बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।

10. **एजेण्डा नं0–10 :–वर्ष 2012–13 के लिए प्रस्तावित बजट का अनुमोदन करना:–**

**संलग्नक–2** के अनुसार वर्ष 2012–13 के प्रस्तावित बजट का बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।

11. **एजेण्डा नं0–11 :– उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड के प्रस्तावित संशोधित ढाँचे का अनुमोदन करना।**

**संलग्नक–3** के अनुसार उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड के प्रस्तावित संशोधित ढाँचे का बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।

**अतिरिक्त बिन्दु बोर्ड की बैलेंस सीट चार्टेट एकाउन्टेन्ट से बनाने एवं लेखे का अनुमोदन करना :–**

बोर्ड की बैलेंस सीट नियमानुसार चार्टेट एकाउन्टेन्ट से बनाने एवं लेखे (वर्ष 2006 से वर्ष 2011 तक) का बैलेंस सीट सुदर्शन शर्मा एण्ड कम्पनी चार्टेट एकाउन्टेन्ट से बनवाने की कार्यवाही का बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया। बोर्ड के सम्मुख वर्ष 2006 से 2011 तक का चार्टेट एकाउन्टेन्ट से आडिटेड बैलेंस शीट भी प्रस्तुत किया गया, जिसका बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया **(संलग्नक–4)**।

➢ **अध्यक्ष जी द्वारा दिये गये सुझाव :–**

i. जैव विविधता प्रबन्ध समिति (BMC) गठन के सम्बन्ध में दिशा निर्देश प्राप्त करने हेतु राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, चैन्नई को लिखना।

ii. जैव विविधता अधिनियम के अनुसार किसी भी सरकारी / गैर सरकारी संस्था द्वारा जैव विविधता का सर्वेक्षण किया जाता है तो उसकी सूचना अधिनियम के अनुसार बोर्ड को उपलब्ध करायी जाये।

12. **एजेण्डा नं0–12 :– अध्यक्ष जी की अनुमति से अन्य बिन्दु :–**

➢ **प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड द्वारा निम्न प्रकार सुझाव दिये गये :–**

i. जैव विविधता प्रबन्ध समिति (BMC) के गठन की जनपदवार सूची उपलब्ध कराना।

ii. उत्तराखण्ड ने Traditional Knowledge Digital Library को आधार बनाते हुए औषधीय पादप के पारम्परिक ज्ञान का जैव विविधता पंजिका का दस्तावेजीकरण करना।

iii. उन स्थानों को प्राथमिकता दी जाये जहां पर जैव विविधता अधिक है। उन्ही स्थानों में जैव विविधता प्रबन्ध समितियों का गठन प्रथम चरण में किया जाय।

iv. हैदराबाद में होने वाली कान्फ्रेन्स आफ पार्टीज (Cop-11) के लिए उत्तराखण्ड का टेक्निकल पेपर तैयार करना तथा उक्त प्रदार्शिनी में हिमालयन प्रोडक्ट नामक शीर्षक दिये जाने का भी सुझाव दिया गया।

v. बोर्ड के प्रस्तावित ढाँचे में उपनिदेशक के पद को सम्मिलित करने पर उस पर आने वाले वार्षिक वेतन आदि का व्यय का विवरण बनाने हेतु सुझाव दिया।

अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून के धन्यवाद के साथ बैठक का समापन्न हुआ।

संलग्न–यथोपरि।

**अनुमोदित**

(डा0 बी0एस0 बरफाल)
अध्यक्ष, 4/6/2012
उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड,
देहरादून।

(डा0 राकेश शाह)
सदस्य–सचिव,
उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड,
देहरादून।